


एनटीपीसी लिमिटेड, 67907 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत कंपनी है, एवं इसकी विद्युत उत्पादन व्यवसाय की संपूर्ण एनर्जी वैल्यू चेन में उपस्थिति है। देश की विकास चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, एनटीपीसी ने वर्ष 2032 तक 130 गीगावाट की कुल स्थापित क्षमता हासिल करने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है।

एनटीपीसी को नीचे दिए विवरणों के अनुसार **महाप्रबंधक (वितरण)** की तलाश है:

**पद का नाम : महाप्रबंधक (वितरण) - 01 पद**

**योग्यता:** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक अभियंता

## अनुभव प्रोफाइल

1. आवेदक को ऊर्जा क्षेत्र के किसी प्रतिष्ठित बड़े संगठन में वरिष्ठ स्तर पर वितरण का पर्याप्त एवं गहन अनुभव होना चाहिए।
2. आवेदक को वितरण क्षेत्र में 10 वर्षों के अनुभव सहित विद्युत क्षेत्र में कम से कम 23 वर्षों का अनुभव होना चाहिए।
3. आवेदक को आवेदन की तिथि पर एवम साक्षात्कार की तिथि पर किसी सीपीएसई एवं इसकी सहायक कम्पनी/सीपीएसई के संयुक्त उपक्रम, केन्द्र सरकार/राज्य सरकार, राज्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/निजी क्षेत्र में नियमित रूप से कार्यरत होना चाहिए,न कि अनुबंध/एडहॉक क्षमता में।
4. सीपीएसई के आवेदक को 1,00,000 - 2,60,000/- के वेतममान में न्यूनतम 10 वर्षों या अधिक का अनुभव होना चाहिए
5. राज्य सरकार/राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के आवेदक को अधीक्षक अभियंता अथवा उससे ऊपर के स्तर पर न्यूनतम 10 वर्षों तक कार्य किया होना चाहिए।
6. निजी क्षेत्र के आवेदक को वरिष्ठ प्रबंधन स्तर का होना चाहिए।
7. आवेदक को वितरण व्यापार को विकसित और विस्तारित करने का पर्याप्त अनुभव और नियमों की जानकारी सहित विद्युत वितरण की वाणिज्यिक और वित्तीय पहलुओं की बहुत अच्छी समझ होनी चाहिए।

**ऊपरी आयु सीमा :** 57 वर्ष

**भर्ती के लिए स्तर/वेतनमान:** E8 स्तर/(रु. 1,20,000-2,80,000) आईडीए वेतनमान

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/केन्द्र/राज्य सरकार से आने वाले उम्मीदवारों को पे प्रोटेक्शन प्रदान की जाएगी।

## आरक्षण

| पद का नाम | अनारक्षित | ईडब्ल्यूएस | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| महाप्रबंधक (वितरण) | 01 | | | | | 01 |

**महाप्रबंधक (वितरण) पद के लिए चिन्हित अक्षमताओं के प्रकार :** अ) डी, एचएच ब) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी, एलसी, सीपी, स) एसएलडी, एमआई, एएसडी (एम) द) (अ) से (स) तक युक्त एमडी

## स्वास्थ्य

उम्मीदवार को अच्छे स्वास्थ्य का होना चाहिए। पदभार से पूर्व, उम्मीदवारों को एनटीपीसी के किसी भी अस्पताल में चिकित्सा परीक्षण से गुजरना होगा एवं निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। स्वास्थ्य मानकों में किसी भी प्रकार की छूट की अनुमति नहीं है। विस्तृत चिकित्सा मानक वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर उपलब्ध हैं।

## सामान्य शर्तें

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने हेतु पात्र हैं।
2. सभी अर्हताएं भारत में मान्यता प्राप्त एवं अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए।
3. आयु/अपेक्षित अनुभव/योग्यताओ की सभी गणनाएं विज्ञापन में दी हुई ऑनलाइन आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि पर की जाएंगी।
4. किसी श्रेणी विशेष के संबंध में दावा करने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी से वैध ईडब्ल्यूएस/ओबीसी(एनसीएल)/अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र, जो भी मामला है, की एक प्रति अनिवार्यता: प्रस्तुत करनी होगी।
5. आवश्यकता के अनुरूप, कंपनी के पास बगैर कोई आगे सूचना दिए और बगैर इसका कोई कारण बताए, रिक्तियों की संख्या निरस्त/सीमित/कटौती/बढ़ाने, यदि ऐसी जरूरत होती है, का अधिकार सुरक्षित है।
6. किसी भी पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह निर्दिष्ट तिथि के अनुसार उल्लिखित योग्यता एवं अन्य मानदंडों को पूरा करता/करती है एवं उसके द्वारा प्रस्तुत विवरण सभी तरह से सही हैं। यदि भर्ती के किसी चरण में यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है तथा/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य (तथ्यों) को छुपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वत: ही निरस्त कर दी जाएगी। यदि उपरोक्त में से नियुक्ति के पश्चात् भी कोई कमी पाई जाती है तो उसकी सेवाएं बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जाएंगी। किसी भी रूप से सिफारिश करने से भी उम्मीदवार अयोग्य हो जाएगा।
9. मात्र इस तथ्य से कि उम्मीदवार ने विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन किया है और वह विज्ञापन में दिए हुए निर्धारित पात्रता मानदंड स्पष्ट तौर पर पूरा करता है तो उसे निश्चित तौर पर चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने/चयन प्रक्रिया के लिए आगे विचार किए जाने का अधिकार नहीं होगा।
10. इस विज्ञापन और/या इसके प्रत्युत्तर में आवेदन को लेकर किसी भी प्रकार के दावे अथवा विवाद के संबध में कोई भी कार्यवाही केवल दिल्ली में संचालित की जा सकती है और केवल दिल्ली स्थित आदालतों/अधिकरणों/फोरम को ही ऐसे किसी मामले/विवाद की सुनवाई का पूर्ण और विशिष्ट कार्याधिकार होगा।
11. अंग्रेज़ी के अलावा किसी अन्य रूपांतरण को लेकर किसी प्रकार की अस्पष्टता/विवाद के मामले में अंग्रेज़ी रूपांतर मान्य होगा।

## आवेदन कैसे करें

इच्छुक उम्मीदवार आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर लॉग ऑन करें या **www.ntpc.co.in** के **careers** सेक्शन पर जाएं। आवेदन का कोई अन्य साधन/माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों के पास वैध ईमेल आईडी होना आवश्यक है। एनटीपीसी उम्मीदवारों को भेजे गए किसी भी ईमेल के बाउंस बैक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात्, उम्मीदवार को विशिष्ट पंजीकरण संख्या सहित सिस्टम द्वारा उत्पन्न पंजीकरण स्लिप को डाउनलोड करना होगा। पंजीकरण स्लिप की प्रतिलिपि उम्मीदवार द्वारा भविष्य के संदर्भ के लिए रखी जा सकती है। हमें कोई भी दस्तावेज डाक के माध्यम से भेजने की आवश्यकता नहीं है।

पद के लिए आवेदन करते समय, यह अनिवार्य है कि पात्र उम्मीदवार विज्ञापन को पूर्ण रूप से पढ़ लें तथा उसमें दी गई सभी शर्तों से सहमत हो।

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभ तिथि:** | **04.02.2022** |
| **ऑनलाइन आवेदन हेतु अंतिम तिथि:** | **24.02.2022** |

**एनटीपीसी NTPC**

**एनटीपीसी लिमिटेड**

*(भारत सरकार का उद्यम)*

**पंजीकृत कार्यालय:** एनटीपीसी भवन, कोर–7, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003 वेबसाइट : **www.ntpc.co.in**

(सीआईएन: L40101DL1975GOI007966)

**विज्ञापन सं.- 03/22**

**हमें फॉलो करें** /ntpc1 ntpcltd1 /ntpclimited /company/ntpc /ntpclimited /ntpc_limited

**विद्युत क्षेत्र में अग्रणी**

Size : 25W x 24H